देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 10.03.2026
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- पश्चिम एशिया में फंसे उत्तराखंड प्रवासियों का विवरण जुटाने के सभी जिलाधिकारियों को निर्देश। सुरक्षित वापसी की तैयारी।
- भराड़ीसैंण विधानसभा में बजट सत्र के दूसरे दिन राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा की जाएगी। महत्वपूर्ण अध्यादेशों को सदन के पटल पर रखा जाएगा।
- कृषि मंत्री गणेश जोशी ने विभाग में अनियमितताओं के प्रकरण को लेकर जांच के आदेश दिए।
- प्रदेश के सभी जिलों में 13 मार्च तक 'महिला जनसुनवाई' कार्यक्रमों का आयोजन। महिलाओं को शीघ्र न्याय उपलब्ध कराना है उद्देश्य।

प्रवासी भारतीय

पश्चिम एशिया में मौजूदा परिस्थितियों के मद्देनजर भारत लौटना चाहने वाले प्रवासी भारतीय नागरिकों का विवरण एकत्र करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उत्तराखंड सरकार ने स्पष्ट किया है कि राज्य के नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और केंद्र सरकार के सहयोग से आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में प्रदेश शासन में सचिव, राजेन्द्र कुमार ने राज्य के सभी जिलाधिकारियों को पत्र जारी कर निर्देश दिए हैं कि पश्चिम एशिया के विभिन्न देशों में रह रहे ऐसे नागरिकों की जानकारी शीघ्र उपलब्ध कराई जाए, जो वर्तमान में भारत वापस आना चाहते हैं। पत्र में कहा गया है कि विशेष रूप से ईरान और इजरायल के बीच चल रहे संघर्ष को देखते हुए प्रदेश सरकार सतर्क है। संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, जॉर्डन, बहरीन, ईरान, इजरायल, ओमान, लेबनान, इराक, कुवैत और कतर जैसे देशों में निवास कर रहे राज्य के प्रवासियों का विवरण निर्धारित प्रारूप में संकलित किया जाए। सभी जिलाधिकारियों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों व पुलिस अधीक्षकों को जिला स्तर पर व्यापक प्रचार–प्रसार कर इच्छुक प्रवासियों की जानकारी एकत्र करने के लिए निर्देशित किया गया है, ताकि समय रहते केन्द्र सरकार को सूचित कर उनकी सुरक्षित वापसी सुनिश्चित की जा सके।

बजट सत्र

गैरसैंण के भराड़ीसैंण विधानसभा में बजट सत्र के दूसरे दिन आज राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा की जाएगी। इसके अलावा कई महत्वपूर्ण अध्यादेशों को सदन के पटल पर रखा जाएगा। गौरतलब है कि कल मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सदन में एक दशमलव 1–1 लाख करोड़ रुपए से अधिक का बजट पेश किया। उन्होंने बजट को उत्तराखंड के भविष्य का रोडमैप बताते हुए कहा कि यह केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं बल्कि राज्य के समग्र विकास की दिशा तय करने वाला बजट है। मुख्यमंत्री ने प्रेस वार्ता में कहा कि यह

बजट विकास, विरासत, संस्कृति और आधुनिकता के संतुलन को दर्शाता है और "विकसित भारत के लिए विकसित उत्तराखंड" की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

वहीं, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने बजट को ''चुनावी बजट'' करार देते हुए कहा कि इसमें आमदनी बढ़ाने के लिए ठोस प्रावधान नहीं हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा और बुनियादी क्षेत्रों के लिए पर्याप्त बजट आवंटन नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि हर वर्ग और हर उम्र के उत्थान के लिए ठोस व्यवस्था होनी चाहिए थी, जो इस बजट में नहीं दिखती।

पेंटिंग गैलरी अवलोकन

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह, विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूड़ी भूषण और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित राज्य सरकार के कई मंत्रियों, विधायकों व वरिष्ठ अधिकारियों ने भराड़ीसैंण स्थित विधानसभा परिसर में नवनिर्मित उत्तराखण्ड की संस्कृति और लोककला पर आधारित पेंटिंग गैलरी का अवलोकन किया। इस गैलरी में विधानसभा अध्यक्ष के विशेष प्रयासों से उत्तराखण्ड की समृद्ध लोकसंस्कृति को दर्शाती 70 से अधिक पेंटिंग्स प्रदर्शित की गई हैं। इनमें प्रमुख रूप से रम्माण के पारंपरिक मुखौटे, नंदा राजजात यात्रा, रम्माण पेंटिंग, छोलिया नृत्य, ऐपण कला, पारंपरिक आभूषण और लोक वाद्य यंत्रों को चित्रों के माध्यम से दर्शाया गया है। इन सभी पेंटिंग्स को प्रदेश के ही प्रतिभाशाली कलाकारों मुकुल बडूनी, ज्योति जोशी और मोहनलाल ने तैयार किया है, जिनकी कला के माध्यम से उत्तराखण्ड की लोक परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा, "किसी भी राष्ट्र या प्रदेश की आत्मा उसकी संस्कृति होती है। उन्होंने इन सुंदर और जीवंत पेंटिंग्स तैयार करने के लिए प्रदेश के सभी स्थानीय कलाकारों को सराहा आभार व्यक्त करते हुए उनके प्रयासों की सराहना की।

जांच आदेश

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने विगत दिनों मीडिया में आए मामले का गंभीरता से संज्ञान लिया है, जिनमें कृषि विभाग के अंतर्गत निर्धारित कानूनों का पालन न किए जाने व इससे किसानों, आमजन, पर्यावरण और जनस्वास्थ्य को खतरा उत्पन्न होने की बात कही गई है। उन्होंने विभाग द्वारा नियमों के विरुद्ध अपात्र व्यक्तियों और फर्मों को पेस्ट कंट्रोल के लाइसेंस जारी करने तथा कुछ दुकानों पर प्रतिबंधित कीटनाशकों की अवैध बिक्री किए जाने के प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए विभागीय सचिव को इसकी विस्तृत जांच करने के निर्देश दिए हैं। कृषि मंत्री ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की अनियमितता या नियमों के उल्लंघन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत करने और दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने के अधिकारियों को निर्देश दिए। कृषि मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हितों की सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और जनस्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है तथा इस दिशा में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

## महिला जनसुनवाई

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में राज्य महिला आयोग की ओर से प्रदेश के सभी जिलों में 13 मार्च तक 'महिला जनसुनवाई' कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने सचिवालय में पत्रकारों से बातचीत में यी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 'महिला आयोग आपके द्वार' अभियान के तहत आयोजित इन कार्यक्रमों का उद्देश्य पारिवारिक विवादों का त्वरित समाधान और महिलाओं को शीघ्र न्याय उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार और आयोग महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

## महिला जागरुकता

कुमाऊं परिक्षेत्र की पुलिस महानिरीक्षक, रिद्धिम अग्रवाल द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता के लिए हल्द्वानी में एक अनूठी पहल "कोशिश– एक नई आशा" का शुभारंभ किया गया। इस विशेष थीम को धरातल पर उतारने के उद्देश्य से नैनीताल के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. मंजुनाथ टीसी के निर्देशन में जिले के सभी थानों में 'विशेष थाना दिवस' का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं की शिकायतों का त्वरित निस्तारण करना और समाज में सुरक्षा का संदेश देना रहा। अधिकारियों ने पीड़ित महिलाओं की समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुना और मौके पर ही निस्तारण की कार्यवाही की।

और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों परकृ

गैरसैंण में शुरू हुए विधानसभा सत्र के पहले दिन धामी सरकार ने सदन में पेश किया 1 लाख 11 हजार करोड़ का बजट– इस खबर को सभी समाचार पत्रों ने प्राथमिकता दी है... हिन्दुस्तान समाचार पत्र लिखता है– बजट में सरकार ने 8 बिंदुओं पर किया विशेष फोकस, संतुलन को सबको साधा.. इसी खबर के शीर्षक में दैनिक जागरण लिखता है– धामी के बजट में मिशन 2027 की व्यूह रचना।

चारधाम यात्रा और कुंभ मेले में नहीं घुस पाएंगे अपराधी– इस शीर्षक के साथ हिन्दुस्तान समाचार पत्र खबर में लिखता है– एआई आधारित चेहरा स्कैन करने वाले कैमरों से लैस किया जा रहा चारधाम यात्रा मार्ग और कुंभ मेला क्षेत्र।

फर्जी प्रमाण पत्र से नौकरी पाने वाले शिक्षकों पर विभाग मेहरबान, कार्रवाई में देरी... अमर उजाला इस शीर्षक के साथ खबर में लिखता– नोटिस जारी होने के साढ़े तीन महीने बाद भी बरती जा रही लापरवाही।